सांसदों ने लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को पुष्पांजलि अर्पित की

नई दिल्ली, 23 जुलाई, 2022: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संसद भवन के सेंट्रल हॉल में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण और कपड़ा मंत्री, श्री पीयूष गोयल; विदेश और संसदीय मामलों के राज्य मंत्री, श्री वी. मुरलीधरन और राज्यसभा के उपसभापति श्री हरिवंश ने इस अवसर पर लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को पुष्पांजलि अर्पित की। सांसद, पूर्व सांसद और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी इस अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

महासचिव, लोकसभा, श्री उत्पल कुमार सिंह और राज्य सभा के महासचिव, श्री पी.सी.मोदी ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के चित्र का अनावरण 28 जुलाई 1956 को भारत के तत्कालीन प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा राष्ट्र के लिए उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के सम्मान में संसद भवन के सेंट्रल हॉल में किया गया था।